smc
Moneywise. Be wise.

दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी) 05 जनवरी 2018

अतंराष्ट्रीय बाजार

COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

कमोडिटी	कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव
चांदी	मार्च	27 मार्च 2018	17.27
सोना	फरवरी	26 फरवरी 2018	1321.60
कच्चा तेल	फरवरी	22 जनवरी 2018	62.01
ब्रेंट कच्चा तेल	मार्च	31 जनवरी 2018	68.07
नेचुरल गैस	फरवरी	29 जनवरी 2018	2.88

04.01.2018 के अनुसार बंद भाव

करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

करेंसी	वर्तमान भाव
अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया'	63.40
डॉलर इंडेक्स	91.88
यूरो/अमेरिकी डॉलर	1.2067
सीआरबी इंडेक्स	198.50

*04.01.2018 के अनुसार बंद भाव

LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

कमोडिटी		बंद भाव
तांबा	नकद	7202.50
एल्युमिनियम	नकद	2230.00
जिंक	नकद	3377.00
लेड	नकद	2573.00
निकल	नकद	12615.00

04.01.2018 के अनुसार बंद भाव

SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

कमोडिटी	माह	बंद भाव
तांबा	जनवरी	54730.00
एल्युमिनियम	जनवरी	14915.00
जिंक	जनवरी	25885.00
लेड	जनवरी	19325.00

04.01.2018 के अनुसार बंद भाव

घरेलू बाजार

MCX (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

कमोडिटी	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
चांदी	05-03-18	39276.00	तेजी	27.12.17	38673.00	38800.00
सोना	05-02-18	29230.00	तेजी	28.12.17	29012.00	28500.00
कच्चा तेल	19-01-18	3921.00	तेजी	27.12.17	3818.00	3750.00
नेचुरल गैस	25-01-18	185.20	तेजी	28.12.17	188.20	178.00

04.01.2018 के अनुसार बंद भाव

MCX (बेस मेटल)

कमोडिटी	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
तांबा	28-02-18	457.70	तेजी	18.12.17	448.25	450.00
एल्युमिनियम	31-01-18	142.00	तेजी	21.12.17	136.80	137.00
जिंक	31-01-18	213.90	तेजी	27.12.17	210.65	200.00
लेड	31-01-18	163.20	मंदी	15.11.17	158.45	166.00
निकल	31-01-18	801.00	तेजी	18.12.17	755.40	770.00

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

04.01.2018 के अनुसार बंद भाव

सर्राफा आउटलुक

सर्राफा की कीमतों में तेजी रहने की संभावना है। अमेरिकी नॉन फॉर्म पेरोल के आंकड़ों और डॉलर के कारोबार से कीमतों को दिशा मिल सकती है। घरेलू बाजार में रूपये के कारोबार से सोने की कीमतों को दिशा मिल सकती है। सोने की कीमतें 29100-29400 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है जबकि चांदी की कीमतें 39000-39500 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है। कोमेक्स में सोने की कीमतों में साढ़े तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद आज स्थिर है और लगातार चौथे साप्ताहिक बढ़त की ओर अग्रसर हैं। यूरो के मुकाबले डॉलर के कमजोर और छह प्रमुख करेंसियों के मुकाबले डॉलर इंडेक्स में 0.3% की गिरावट के बाद डॉलर तीन महीने के निचले स्तर 91.751 के स्तर पर पहुंच गया। दिसम्बर में अमेरिकी निजी कंपनियों के रोजगार में 250000 की बढ़ोतरी हुई है जो मार्च के बाद सबसे अधिक मासिक बढ़ोतरी है। विश्व में सोने के सबसे बड़े ईटीएफ एसपीडीआर गोल्ड ट्रस्ट की होल्डिंग 0.3% कम होकर 836.04 टन रह गई है।

बेस मेटल आउटलुक

बेस मेटल की कीमतों में मिला-जुला रूझान रहने की संभावना है। अमेरिकी फैक्ट्री ऑर्डर्स के आंकड़ों से कीमतों को दिशा मिल सकती है। तांबे की कीमतें 453-460 रू के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। एल्युमीनियम की कीमतें 140-144 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है। लेड की कीमतें 162-164 रू के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। जिंक की कीमतें 211-215 रू के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। निकल की कीमतें 790-810 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है। सप्लाई की समस्या के कारण एक दशक के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद निवेशकों द्वारा की गई मुनाफा वसूली के कारण आज लंदन में जिंक की कीमतों में गिरावट हुई है लेकिन शंघाई में कीमतों में तेजी देखी जा रही है। एलएमई में जिंक का स्टॉक 250 टन कम होकर 2008 के बाद सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है और अक्टूबर के उच्च स्तर से एक तिहाई कम हो गया है। अक्टूबर में विश्व जिंक बाजार में जिंक की कमी सितम्बर के 35900 टन की कमी से बढ़कर 36900 टन हो गई है।

एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता बरकरार रह सकती है और कीमतें 3900-3960 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है। आज तेल की कीमतें 2015 के उच्च स्तर से नीचे कारोबार कर रही हैं क्योंकि अमेरिकी कच्चे तेल के बढ़ते उत्पादन के कारण कीमतों पर दबाव पड़ रहा है। इसके पहले अधिक मांग के बीच ओपेक द्वारा उत्पादन में कटौती और ईरान में राजनीतिक तनाव के कारण तेल की कीमतों को मदद मिली है। इसबीच अमेरिकी कच्चे तेल का भंडार पिछले हफ्ते कम हुआ है लेकिन डिस्टीलेट के भंडार में बढ़ोतरी हुई है। नेचुरल गैस वायदा की कीमतों में नरमी रह सकती है और कीमतें 180-195 रू के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। अमेरिका में सामान्य से काफी कम तापमान के बावजूद अमेरिकी नेचुरल गैस के साप्ताहिक भंडार में अनुमान से कम गिरावट के बाद अमेरिकी नेचुरल गैस वायदा की कीमतों में कल गिरावट दर्ज की गई है। अमेरिकी ऊर्जा विभाग के अनुसार 29 दिसम्बर को समाप्त हफ्ते में नेचुरल गैस का साप्ताहिक भंडार 206 बिलियन क्यूबिक फीट कम हुआ है।

प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

भारतीय समयानुसार	आर्थिक आंकड़ें	महत्व	संभावित	पिछला	प्रभावित कमोडिटी	प्रभाव
19:00	अमेरिकी नॉन फॉर्म पेरोल(दिसम्बर)	मध्यम	190K	228K	मेटल एवं एनर्जी	प्रतिकूल
19:00	अमेरिकी बेरोजगारी दर (दिसम्बर)	मध्यम	4.10%	4.10%	मेटल एवं एनर्जी	कोई असर नही
20:30	अमेरिकी फैक्ट्री ऑर्डर्स(माह-दर-माह)(नवम्बर)	मध्यम	1.10%	-0.10%	मेटल एवं एनर्जी	अनुकूल
20:30	अमेरिकी आईएसएम नॉन-मैनुफैक्चरिंग पीएमआई(दिसम्बर)	मध्यम	57.8	57.4	मेटल एवं एनर्जी	कोई असर नही

वंदना भारती	एवीपी कमोडिटी रिसर्च	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625	**vandanabharti@smcindiaonline.com**
संदीप जून	सीनियर रिसर्च एनॉलिस्ट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 683	**sandeepjoon@smcindiaonline.com**
शिवानन्द उपाध्याय	रिसर्च एसोसिएट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646	**shivanand@smcindiaonline.com**

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park , A Wing 401 / 402 ,
4th Floor ,Graham Firth Steel Compound,
Off Western Express Highway, Jay Coach Signal,
Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-28805606

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani,
Poddar Court,Gate No.- 4, 5th Floor, Kolkata-700001
Tel: 91-33-39847000, Fax: 91-33-39847004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होंने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।